Serving Education for Last 40 Years

**NEERAJ®**

# M.P.S.E.-1

# भारत और विश्व

## ( India and the World )

**Chapter Wise Reference Book**
**Including Many Solved Sample Papers**

*Based on*

# I.G.N.O.U.

**& Various Central, State & Other Open Universities**

By: *Dr. Pffanindra Mohan Jha*

**NEERAJ PUBLICATIONS**
*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office:

1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878
E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

MRP ₹ 350/-

Published by:

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office: 1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878

E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

**© Copyright Reserved with the Publishers only.**

***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only***

Typesetting by: Competent Computers, Printed at: Novelty Printing Press

*Disclaimer/T&C*

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *These books are prepared by the author for the help, guidance and reference of the student to get an idea of how he/she can study easily in a short time duration. Content matter & Sample answers given in this Book may be Seen as the Guide/Reference Material only. Neither the publisher nor the author or seller will be responsible for any damage or loss due to any mistake, error or discrepancy as we do not claim the Accuracy of these Solutions/Answers. Any Omission or Error is highly regretted though every care has been taken while preparing, printing, composing and proofreading of these Books. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc., are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. Any mistake, error or discrepancy noted may be brought to the publishers notice which shall be taken care of in the next edition and thereafter as a good gesture by our company he/she would be provided the rectified Book free of cost. Please consult your Teacher/Tutor or refer to the prescribed & recommended study material of the university/board/institute/ Govt. of India Publication or notification if you have any doubts or confusions regarding any information, data, concept, results, etc. before you appear in the exam or Prepare your Assignments before submitting to the University/Board/Institute.*
4. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
5. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
6. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book on any Website, Web Portals, any Social Media Platforms – Youtube, Facebook, Twitter, Instagram, Telegram, LinkedIn etc. and also on any Online Shopping Sites, like – Amazon, Flipkart, eBay, Snapdeal, Meesho, Kindle, etc., is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity of any NEERAJ BOOK in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book format by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
7. *The User agrees Not to reproduce, duplicate, copy, sell, resell or exploit for any commercial purposes, any portion of these Books without the written permission of the publisher. This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*
8. *All material prewritten or custom written is intended for the sole purpose of research and exemplary purposes only. We encourage you to use our material as a research and study aid only. Plagiarism is a crime, and we condone such behaviour. Please use our material responsibly.*
9. *All matters, terms & disputes are subject to Delhi Jurisdiction only.*

**Get books by Post & Pay Cash on Delivery :**

If you want to Buy NEERAJ BOOKS by post then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com where you can select your Required NEERAJ BOOKS after seeing the Details of the Course, Subject, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ BOOKS.

While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the “Special Discount Schemes” being offered at our Official website www.neerajbooks.com.

No need to pay in advance as you may pay “Cash on Delivery” (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges, etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 2-3 days after we receive your order and it takes Nearly 3-4 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 6-7 days).

## Content

# भारत और विश्व

## ( India and the World )

*Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)*


Question Paper—June-2023 (Solved) .......... 1-2

Question Paper—December-2022 (Solved) .......... 1

Question Paper—Exam Held in March-2022 (Solved) .......... 1-2

Question Paper—Exam Held in August-2021 (Solved) .......... 1-2

Question Paper—Exam Held in February-2021 (Solved) .......... 1

Question Paper—December, 2019 (Solved) .......... 1

Question Paper—June, 2019 (Solved) .......... 1-4

Question Paper—December, 2018 (Solved) .......... 1-2

Question Paper—June, 2018 (Solved) .......... 1

Question Paper—December, 2017 (Solved) .......... 1-2

Question Paper—June, 2017 (Solved) .......... 1-2


| *S.No.* | *Chapterwise Reference Book* | *Page* |
|---|---|---|

| 1. | भारत के विश्व दृष्टिकोण का विकास | 1 |
| 2. | भारतीय विदेश नीति के अध्ययन के उपागम | 15 |
| 3. | भारतीय विदेश नीति के उद्देश्य एवं निर्धारक तत्त्व | 27 |
| 4. | भारतीय विदेश नीति के निर्णय लेने वाले निकाय (विदेश मंत्रालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद, प्रधानमंत्री कार्यालय, संसद एवं संसदीय समितियाँ) | 39 |
| 5. | विदेश नीति के विकास की प्रक्रिया (राजनीतिक दलों एवं संचार माध्यमों, सामाजिक आंदोलनों, गैर-सरकारी संगठनों, व्यापारी वर्ग, प्रवासी भारतीयों और चिंतन समूहों जैसे–दबाव समूहों की भूमिका) | 53 |
| 6. | भारत की विदेश नीति : एक सिंहावलोकन | 66 |
| 7. | संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ | 82 |
| 8. | रूस, चीन और जापान | 92 |

| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|


9. भारत और इसके पड़ोसी देश ........ 100

10. भारत और दक्षिण-पूर्वी एशिया और प्रशांत ........ 112

11. भारत और केन्द्रीय तथा पश्चिमी एशिया के संबंध ........ 123

12. भारत, लैटिन अमेरिका और कैरीबियाई देश ........ 133

13. भारत और अफ्रीकी देशों के संबंध ........ 142

14. राजनीतिक एवं सुरक्षा संबंधी समस्याएँ ........ 152
(शस्त्र नियंत्रण, नि:शस्त्रीकरण, परमाणु मसले और अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद)

15. आर्थिक समस्याएँ : अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और निवेश, ........ 166
बहुराष्ट्रीय निगम तथा क्षेत्रीय सहयोग

16. सामाजिक-सांस्कृतिक विषय ........ 175
(नृजातीय और धार्मिक आंदोलन, मानव अधिकार और मानवीय हस्तक्षेप तथा पर्यावरण)

17. राजनीतिक और राजनयिक मामले ........ 194
(संयुक्त राष्ट्र संघ, गैर-आर्थिक क्षेत्रीय संगठन, गुटनिरपेक्ष आंदोलन और भूमंडलीकरण)


■■

# Sample Preview
# of the
# Solved
# Sample Question
# Papers

*Published by:*

**NEERAJ**
**PUBLICATIONS**
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*June – 2023*

*(Solved)*

## भारत और विश्व

**M.P.S.E.-1**

**( India and The World )**

*समय : 2 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 50*

***नोट :*** *प्रत्येक खण्ड में से कम से कम दो प्रश्न चुनते हुए कुल* ***पांच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के* ***अंक समान*** *हैं।*

**खण्ड – I**

**प्रश्न 1. भारत की विदेश नीति के निर्धारकों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय–3, पृष्ठ–29, 'भारतीय वैदिशिक नीति के निर्धारक तत्व'

**प्रश्न 2. भारत की विदेश नीति के जटिल अन्योन्याश्रय परिप्रेक्ष्यों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय–2, पृष्ठ–15, 'यथार्थवादी एवं जटिल नव-पयार्यवादी उपागम के द्वारा भारत की वैदेशिक नीति का अध्ययन' तथा पृष्ठ–25, प्रश्न 3

**प्रश्न 3. भारत-चीन सीमा विवाद की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय–6, पृष्ठ–68, '1962 का भारत-चीन सीमा संघर्ष'

**प्रश्न 4. भारत की विदेश नीति में राजीव गांधी के योगदान की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय–6, पृष्ठ–74, 'राजीव गांधी की विदेश नीति'

**प्रश्न 5. यूरोपीय यूनियन के साथ भारत के संबंध का मूल्यांकन कीजिए।**

**उत्तर–**यूरोपीय संघ एक समान विदेश एवं सुरक्षा नीति विकसित करने की दिशा में अपने पूर्ववर्ती रूप यूरोपीय समुदाय की तुलना में ज्यादा जोरदार प्रयास कर रहा है, परन्तु वास्तव में इस संगठन का आर्थिक प्रभाव ही इसके अस्तित्व और विकास की कुंजी है, वैश्वीकरण की ओर बढ़ती दुनिया में राजनीति को अर्थनीति से अलग नहीं किया जा सकता और यूरोपीय संघ ने समझ लिया है कि शीत युद्ध के बाद के दौर में अपनी आर्थिक रणनीति में भी उसे और बड़ी राजनीतिक भूमिका निभानी होगी। यूरोपीय संघ ने भारत सहित और अधिक देशों के साथ राजनीतिक सूत्र जोड़ने के द्वारा खोल दिए हैं। इसका उद्देश्य उन देशों के साथ आपसी समझ-बूझ बढ़ाना और उनमें जटिल राजनीतिक तथा सुरक्षा संबंधी मसलों को समझना है, जिनके साथ यूरोपीय संघ के रिश्ते हैं। यूरोपीय संघ के साथ भारत के संबंध मुख्यतया आर्थिक विषयों पर है न कि राजनीतिक या सुरक्षा संबंधी विषयों पर। भारत यूरोपीय संघ के साथ द्विपक्षीय सहयोग का औपचारिक रूप 1973 और 1987 में दिया गया। और इस तरह का तीसरा समझौता 1994 में हुआ। 1994 का समझौता 1991 से भारत की आर्थिक उदारीकरण की नीति के विकास के संदर्भ में महत्त्वपूर्ण था। आर्थिक उदारीकरण के फलस्वरूप उभरे नए अवसरों तथा एशियाई देशों के नए रिश्ते कायम करने की यूरोपीय संघ की इच्छा के कारण 1990 के दशक में भारत और यूरोपीय संघ के बीच आदान-प्रदान काफी बढ़ गया। यूरोपीय संघ इस समय भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार, सीधे विदेशी पूंजी निवेश का सबसे बड़ा स्रोत, विकास सहायता का सबसे प्रमुख अशंदाता, प्रौद्योगिकी का महत्त्वपूर्ण स्रोत तथा बड़ी संख्या में सपन्न प्रवासी भारतीयों का घर है। 1993 के बाद से भारत और यूरोपीय संघ को व्यापार में वृद्धि भी हुई और विविधता भी आई है। भारत का एक-तिहाई निर्यात इन देशों को होता है। 2001 में द्विपक्षीय व्यापार लगभग 25.02 अरब यूरो था। यह हमारे कुल निर्यात का 26 प्रतिशत तथा आयात का 25 प्रतिशत है, परन्तु यूरोपीय संघ के लिए भारत का निर्यात की दृष्टि से 17वां और आयात की दृष्टि से 20वां स्थान है। भारत का व्यापार आज भी कपड़ा, कृषि तथा समुद्री उत्पादों, हीरे-जवाहरात, चमड़ा और इंजीनियरी एवं इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद जैसी परंपरागत वस्तुओं के निर्यात के रूप में होता है, परन्तु पिछले 5 वर्षों से रसायन, गलीचे, ग्रेनाईट और इलेक्ट्रॉनिक आदि कुछ क्षेत्रों में व्यापार काफी बढ़ा है। भारत के आयात में मुख्य रूप से हीरे-जवाहरात, इंजीनियरी सामान और रसायनों, खनिजों का स्थान रहा है। यूरोपीय संघ भारत में सीधे विदेशी पूंजी निवेश के प्रमुख स्रोतों में से एक है। यूरोपीय संघ भारत

www.neerajbooks.com



में इंग्लैंड, जर्मनी, फ्रांस, बेल्जियम, इटली और हॉलैंड जैसे देशों का इस निवेश में बहुत बड़ा हाथ है। 1999 में यूरोपीय संघ की ओर से भारत में सीधे विदेशी पूंजी निवेश 1.1 अरब यूरो का था, जबकि भारत की ओर से यूरोपीय संघ में यह निवेश 6 करोड़ 90 लाख यूरो का था। आर्थिक सहयोग का एक रचनात्मक पक्ष यह रहा है कि भारत में यूरोपीय संघ के निवेश का स्वरूप बदला है और अब यह निवेश बुनियादी ढांचे, विशेष रूप से बिजली तथा दूरसंचार सेवाओं के विकास में हो रहा है। औद्योगिक मशीनों, परिवहन, बिजली तथा इलेक्ट्रॉनिक, कपड़ा उद्योग, रसायन और परामर्श क्षेत्रों में यूरोपीय संघ द्वारा पूंजी लगाई जा रही है, यूरोपीय आयोग के भारत में काफी संख्या में विकासपरक कार्यक्रम चल रहे हैं, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य तथा पर्यावरण को प्राथमिकता दी जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से पिछड़े तथा उपेक्षित वर्गों को फायदा पहुंचाने वाली परियोजनाओं को सहायता उपलब्ध करके मानक विकास को बढ़ावा देना है।

**खण्ड–II**

**प्रश्न 6. 'सार्क' के गठन के लिए कौन-से कारक जिम्मेदार थे? विस्तृत वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय–15, पृष्ठ–170, 'दक्षिण एशिया क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क)' तथा अध्याय–17, पृष्ठ–202, प्रश्न 4

**प्रश्न 7. 'लुक ईस्ट नीति' क्या है तथा भारत-पूर्व एशियाई संबंधों पर इसका क्या प्रभाव है?**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय–10, पृष्ठ–112, 'परिचय' तथा पृष्ठ–122, प्रश्न 6

**प्रश्न 8. इराक संकट के प्रति भारत की प्रतिक्रिया पर टिप्पणी कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय–11, पृष्ठ–123, 'परिचय' तथा पृष्ठ–130, प्रश्न 5

**प्रश्न 9. संयुक्त राष्ट्र में भारत की भूमिका पर टिप्पणी कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय–17, पृष्ठ–194, 'संयुक्त राष्ट्र संघ'

**प्रश्न 10. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए–**

**( क ) अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय–14, पृष्ठ–159, 'अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद की समस्या'

**( ख ) पोखरण-II**

**उत्तर–**भारतीय परमाणु आयोग ने पोखरण में अपना पहला भूमिगत परीक्षण 18 मई, 1974 को किया था। हालांकि उस समय भारत सरकार ने घोषणा की थी कि भारत का परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण कार्यों के लिए होगा और यह परीक्षण भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिये किया गया है। बाद में 11 और 13 मई 1998 को पाँच और भूमिगत परमाणु परीक्षण किये और भारत ने स्वयं को परमाणु शक्ति संपन्न देश घोषित कर दिया। भारत में 11 व 13 मई 1998 को बुद्ध-स्थल पर राजस्थान के पोखरण में दो तीन परमाणु विस्फोट होने से सारे विश्व में तहलका मच गया था। अब भारत भी परमाणु शक्तियों में संपन्न है। परीक्षण के इन धमाकों से सारा संसार चकित रह गया। इन परीक्षणों को करने का मुख्य उद्देश्य विश्व को यह बता देना था कि पड़ोसी देशों की सामरिक योग्यता का वे मुँह-तोड़ उत्तर देने में समर्थ है। अपनी सुरक्षा और बचाव करने के लिए, वे आत्मनिर्भर है। भारत में इन परीक्षणों का विरोध करने वाले विकसित देश यह भूल गये थे कि भारत में 1974 में एक और 1998 में पाँच परमाणु परीक्षण हुए थे। जब कि इसके पहले पूरे विश्व में 2052 परमाणु परीक्षण किये जा चुके थे। इनमें से अमेरिका ने सबसे अधिक ऐसे परीक्षण 1945 से अब तक 1032 किये हैं। इसके अतिरिक्त सोवियत संघ ने 715, फ्रांस ने 210, ब्रिटेन ने 457 और चीन ने 44 परमाणु परीक्षण किये हैं। भारत के कुल पांच मुख्य परमाणु परीक्षण हैं उनको मुख्य रूप से चार श्रेणियों में बांटा जा सकता है। ये चार तरह के परमाणु परीक्षण किये हैं–(1) विखण्डनीय बम या फिशन डिवाइस बम यह परमाणु बम बनाये जाने के लिए किया गया, सामान्य परीक्षण था जिसकी क्षमता सन 1974 में किये गये परीक्षण के समान अर्थात 15 किलो टन थी। (2) कम क्षमता वाला विस्फोट या लो यील्ड डिवाइस : इसकी क्षमता 10 किलो टन से नीचे अर्थात इकाई किलो टन क्षमता तक ही सीमित मानते हैं। इस परीक्षण का एक उद्देश्य ऐसे आंकड़े प्राप्त करना था जिनसे आगे जाकर प्रयोगशाला में कम्प्यूटर आधारित परीक्षण किये जा सकें। (3) हाइड्रोजन बम परीक्षा या थर्मो न्यूकिलर डिवाइस: इसे आज सुपर बम भी कहा जाता है। इसकी विनाशक क्षमता सामान्य परमाणु बम की तुलना में सौ से हजार गुणा तक अधिक है। परमाणु बम की विस्फोटक क्षमता को किलो टन में मापते हैं, जबकि हाइड्रोजन बम की क्षमता को मेगावाट में नापते हैं। (4) सब किलो टन परीक्षण भारत में 13 मई को पुनः दो परीक्षण किये गये। ये परीक्षण सब किलोटन या एक किलोटन से कम क्षमता वाले थे। इस परीक्षण के बाद यह दावा किया गया है कि इनसे भारत में कम्प्यूटर अनुकरण एवं प्रयोगशालाओं में किये जाने वाले अपक्रान्तिक परीक्षण की क्षमता प्राप्त कर ली है।

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com

# Sample Preview of The Chapter

*Published by:*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

www.neerajbooks.com

# भारत और विश्व

## भारत के विश्व दृष्टिकोण का विकास

1

### भूमिका

इस अध्याय के अंतर्गत इस बात की व्याख्या की गई है कि भारतीय इतिहास, संस्कृति, रीति-रिवाज एवं दार्शनिक परम्पराएँ एवं स्वतंत्रता संग्राम के आदर्शों ने कहाँ तक स्वतंत्रता के बाद विश्व दृष्टिकोण के क्षेत्र एवं विकास में योगदान दिया है। किसी भी राष्ट्र के अन्तर्गत उत्पन्न विश्व का दृष्टिकोण उस समाज की सामाजिक क्रिया में संलग्न होकर तथा उस समाज के सामाजिक एवं सांस्कृतिक वातावरण के अंश के रूप में गतिशील है। इसलिए यह वातावरण, जो शताब्दियों से संचारित होता आया है और भारतीय मानसिकता के निर्माण में योगदान देता आया है, इन तत्त्वों के महत्त्व का तिरस्कार नहीं किया जा सकता। भारत प्राचीन सभ्यता, संस्कृति एवं परंपराओं का स्थल है। इसलिए भारत को महामानव समुद्र कहा जाता है, जहाँ विश्व की सारी संस्कृतियाँ मिश्रित हो गयी हैं।

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू ने स्वतंत्रता के बाद अपनी वैदेशिक नीति के निर्धारण में विश्व के सम्मुख भारतीय दृष्टिकोण के दो पक्षों को उपस्थित किया। प्रथम पक्ष था शांति का रचनात्मक पक्ष और द्वितीय पक्ष था विश्व के विभिन्न राष्ट्रों के बीच सहयोग की भावना का विकास। प्राचीन भारतीय मूल्यों की परंपरा ने भारत की वैदेशिक नीति के निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की है। इसलिए यहाँ पर प्राचीन भारतीय परंपराओं और रीति-रिवाजों का वर्णन करना आवश्यक हो जाता है।

### परंपरागत भारतीय मूल्यों के स्त्रोत

परंपरागत भारतीय मूल्यों के मुख्य स्त्रोत वेद हैं तथा वेदों के अतिरिक्त मनु स्मृति, याज्ञवल्क्य स्मृति एवं अन्य ग्रन्थ तथा बौद्ध-जैन दर्शन एवं महाभारत, रामायण, विभिन्न पुराण, उपासनाओं आदि से संबंधित ग्रंथ महत्त्वपूर्ण स्त्रोत के रूप में संकलित हैं, जिसका सीमित ज्ञान सीमित लोगों को है।

ऊपर वर्णित परंपरागत स्त्रोत सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं आध्यात्मिक तत्त्व अर्थात् मानवीय क्रियाओं के विभिन्न पक्षों को स्पर्श करते हैं। परंपरागत भारतीय मूल्यों में समय-समय पर परिवर्तन होते रहे हैं, क्योंकि इस्लाम, ईसाई, पारसी आदि संस्कृतियों ने इसे व्यापक रूप में प्रभावित किया है, परन्तु आधुनिक युग में विवेकानन्द, गाँधी, नेहरू, तिलक, टैगोर आदि प्राचीन भारतीय दर्शन एवं आदर्श से प्रभावित थे। इसलिए स्वतंत्रता के बाद प्राचीन भारतीय स्वरूप के आधार पर ही नये भारतीय स्वरूप का निर्माण किया गया।

### विश्व विचार के विकास में परंपरागत मूल्यों एवं विषयों का योगदान

विश्व दृष्टिकोण के परिप्रेक्ष्य में भारतीय दार्शनिक दृष्टिकोण ने व्यापक रूप में योगदान दिया है। इन तत्त्वों के योगदानों की व्याख्या निम्नलिखित रूप में की जा सकती है:

**1. मध्यम मार्ग की व्यावहारिकता** भारतीय संस्कृति की यह विशेषता रही है कि यहाँ के सभी भारतीयों ने आदर्श और

www.neerajbooks.com



दर्शन के मध्यम मार्ग के क्रियाकलापों को ही अपनाया था। एक बार बुद्ध ने कहा था कि *वीणा के तारों को इतना मत खींचो कि वे टूट जायें।* संस्कृत में यह कहा गया है कि *अति सर्वत्र वर्जयेत्*, अर्थात् जीवन के किसी भी क्षेत्र में अति का होना बहुत ही घातक है और अति की प्राप्ति अनैतिक बल से ही हो सकती है। इसलिए भारतीय ऋषि-मनीषी अति से घृणा करते आये हैं। भारतीय दर्शन में इसी कारण से मध्यम मार्ग का अवलम्बन किया गया है। भारतीय दर्शन सामाजिक, आर्थिक, आध्यात्मिक, धार्मिक एवं नैतिक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए जीवन के चार आदर्श निर्धारित किये हैं जिन्हें धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के रूप में जाना जाता है। इसी के आधार पर भारत में मानव-जीवन की परंपराएँ चली आ रही हैं। धर्म का अर्थ होता है ईश्वर एवं सामाजिक नियमों के प्रति हमेशा कर्त्तव्यपरायण रहना। अर्थ का अभिप्राय है जीवन में सुख की प्राप्ति के लिए धन का संग्रह करना। काम का अर्थ होता है सभी प्रकार के इन्द्रिय सुख प्राप्त करना। मोक्ष का अर्थ होता है जन्म और मृत्यु के बंधन से मुक्त होना। इन चार उद्देश्यों में धर्म और मोक्ष को विशेष महत्त्व दिया गया है, फिर भी अर्थ और काम की उपेक्षा नहीं की गयी है। मानव जीवन के लिए अनिवार्य तत्त्व के रूप में धर्मार्थ कामा, अर्थात् धर्म, अर्थ और काम को आवश्यक माना गया है। मोक्ष सबके लिए अनिवार्य नहीं है। काम की महत्ता को दर्शाते हुए खजुराहो और उड़ीसा के मंदिरों की मूर्तियाँ निर्मित की गई हैं। वात्स्यायन का कामसूत्र इसी तथ्य की ओर इंगित करता है, क्योंकि सृष्टि के लिए यह आवश्यक है। भारतीय संस्कृति में लक्ष्मी को विशेष महत्त्व दिया गया है। इसलिए 'सर्व दोष हरे लक्ष्मी' की कहावत प्रचलित है। यहाँ पर लक्ष्मी का संबंध अर्थ (धन) से है। इसलिए मानव जीवन में काम और अर्थ आवश्यक माने गए हैं, परन्तु दूसरी तरफ रामायण और महाभारत में आदर्श जीवन के रूप में इन तत्त्वों को विशेष महत्त्व नहीं दिया गया है। भगवद्गीता में श्री कृष्ण ने निष्काम साधना, अर्थात् बिना किसी फल प्राप्ति के निःस्वार्थ भाव से मनुष्य को ईश्वर का प्रतिबिम्ब मानकर उसकी आराधना तथा सेवा में लगे रहने को विशेष महत्त्व दिया है। भारतीय संस्कृति नैतिकतापूर्ण साधनों के द्वारा ही आदर्श की प्राप्ति चाहती है।

प्राचीन काल से ही आदर्श और व्यवहार में व्यापक मतभेद रहा है। इसलिए प्रश्न यह उठता है कि उन आदर्शों को जिन्हें हमारे ऋषि-मनीषियों ने बनाया, क्या हमने उन आदर्शों को व्यावहारिक जीवन में अपनाया है? यह एक विवादास्पद विषय है। फिर भी हमने ऐसी सामाजिक, आर्थिक, राजनितिक और धार्मिक अवस्था में पहुँचने का प्रयत्न किया है, जिसमें हम इस लोक और परलोक में सुखी जीवन जी सकें। भारतीय संस्कृति जड़ता में विश्वास नहीं करती है और क्रियात्मक प्रेरणाओं का खण्डन भी नहीं करती है। माइकल ब्रेकर इस बात को मानते हैं कि भारतीय दार्शनिक परंपरा का मूल तत्त्व महात्मा बुद्ध के समय से ही अनुकरणित होता आ रहा है। भारतीय दर्शन के अन्तर्गत बौद्ध मार्ग अतिवाद और चरमपंथी मार्ग को स्वीकार नहीं करता है, अर्थात् भारतीय दर्शन मध्यम मार्ग का अनुगामी है। भारतीय दर्शन के अन्तर्गत इस बात पर बल दिया गया है कि मानव जीवन दार्शनिक सापेक्षता, बौद्धिक उदारता, गुण और अवगुण के साथ-साथ मानव जीवन को मापता है, अर्थात् भारतीय दर्शन गुण और अवगुण दोनों को एक-दूसरे पर निर्भर तत्त्व मानता है, फिर भी सहिष्णुता के द्वारा समझौतावादी सिद्धांत का अवलम्बन करता है। रवीन्द्रनाथ टैगोर ने कहा है कि महा मानवेर समुद्रेर तीरे, अर्थात् भारत में विभिन्न धर्म, सभ्यता, संस्कृति इस तरह से मिश्रित हो गयी हैं कि सभी जातियों का इसमें आपस में विलय हो गया है। नेहरू जी का कहना ठीक ही है कि भारत ने विभिन्न धर्मों को अपनाया और सभी धर्मों के बीच सामंजस्य और सहयोग स्थापित किया। विभिन्न विरोधी विचारधाराओं के बावजूद भी भारतीय दर्शन की परंपरा रही है कि विभिन्न विरोधी विचारधाराओं को सामंजस्य के साथ संगठित करके उद्देश्य की प्राप्ति की जा सकती है।

भारत की इसी दार्शनिक परंपरा के कारण स्वतंत्रता के बाद शीत युद्ध के क्रम में विश्व को दो गुटों में से भारत ने बीच का रास्ता अपनाया। भारत ने न तो पश्चिमी उदारवाद और सैनिक गठबंधन का समर्थन किया और न ही सोवियत समानतावाद का पूर्णरूपेण समर्थन किया। भारत की मानसिकता रही है कि इसने मध्यम मार्ग अपनाते हुए व्यक्ति की गरिमा, नागरिक स्वतंत्रता का सम्मान, लोकतंत्र की राजनीतिक व्यवस्था और विधि के शासन का समर्थन किया। भारत ने इस क्षेत्र में पश्चिमी राजनीतिक व्यवस्था के प्रति स्नेह दिखाया और सोवियत प्रणाली के द्वारा समानता के आधार पर न्याय, उपनिवेशवाद और नस्लवाद के विरोध का मार्ग अपनाकर किसी भी गुट का पक्ष लेने से इंकार करते हुए दोनों गुटों के बीच के मार्ग को अपनाकर एक नयी राजनीतिक यात्रा प्रारंभ की। नेहरू जी ने कहा था कि भारत अपने को गुट की राजनीति से दूर रखता है। यह घृणा, आंतरिक कलह, प्रतिस्पर्धा के बावजूद भी विश्व में सहयोग और प्रेम की दिशा में आगे बढ़ रहा है। भारत का यह सिद्धान्त दोनों गुटों से मित्रता का सिद्धांत था। इस सिद्धांत के द्वारा भारत ने युक्तिपूर्वक बहुत-से छोटे-छोटे राष्ट्रों को स्वतंत्रता का मार्ग दिखलाया तथा दो गुटों के आपसी संघर्ष से अलग रहते हुए, गुटनिरपेक्षता की नीति का अवलम्बन करते हुए एक नये पथ का निर्माण किया, जो विश्व के सभी देशों के लिए अनुकरणीय हो गया। यही कारण है कि विश्व की राजनीति में भारत ने अपना

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



विशिष्ट स्थान बना लिया है, और विश्व के अधिकांश राष्ट्र भारत के दृष्टिकोण का समर्थन करते हैं।

## भारतीय सहनशीलता की परम्परा

भारतीय मानसिकता के अंतर्गत जो भाव छिपा हुआ है, वह अतिवाद को अस्वीकार करते हुए तर्क और विवेक के आधार पर ऐसी व्यवस्था में विश्वास करता है जो घमंड और श्रेष्ठता की भावना से रहित है। भारतीय संस्कृति इस बात में विश्वास करती है कि आपसी क्षेत्र में वाद-विवाद के द्वारा ज्ञान की प्राप्ति होती है और विवेक के आधार पर ही मनुष्य सामान्य जीवन जी सकता है। भारतीय दर्शन का मूल तत्त्व है, विवेक के आधार पर मनुष्य के जीवन के तीन लक्ष्यों धर्म, अर्थ और काम की प्राप्ति की जाए। महाभारत में भी विवेक के आधार पर तत्त्वों की परख करना और गुण-दोषों का तुलनात्मक अध्ययन करके गुण के प्रति आकर्षण के सिद्धांत को अपनाया गया है।

भारतीय संस्कृति कर्त्तव्य पर विशेष बल देती है और कर्त्तव्य के पालन में घमंड और पराकाष्ठा का विरोध करती है। भारतीय संस्कृति सत्य पर एकाधिकार को स्वीकार नहीं करती। यह दूसरे लोगों को भी सत्य की ओर बढ़ने को प्रेरित करती है। भारतीय दर्शन का कहना है कि एक सत्य अनेक रूपों में प्रकट हो सकता है। इसलिए उपनिषदों में कहा गया है कि एको सद् विप्रा वहुधा वदन्ति, अर्थात् सत्य एक ही है, विद्वान लोग इसे विभिन्न रूपों में व्यक्त करते हैं। उपनिषद् में इस बात को स्पष्ट किया गया है कि विभिन्न रंग की गायों का दूध उजला ही होता है। इससे स्पष्ट होता है कि विभिन्न जाति, धर्म और सम्प्रदायों के बावजूद भी एक ही आत्मा का संचार सभी प्राणियों में होता है और लक्ष्य एक ही होता है; उसके मार्ग विभिन्न हो सकते हैं।

भारतीय संस्कृति का सारतत्त्व है सहिष्णुता। केवल धर्म ग्रंथों का ही नहीं वरन् सामाजिक जीवन का यही व्यावहारिक सत्य है। यही कारण है कि विभिन्न जातियाँ, जैसे ईसाई, यहूदी, पारसी जब भारत आये, तो उनके प्रति घृणा का व्यवहार प्रदर्शित नहीं किया गया, वरन् स्वतंत्रतापूर्वक अपने जीवन का निर्वाह करने और इच्छानुसार धर्म मानने तथा उसका प्रचार करने का परिवेश उन्हें प्रदान किया गया। भारतीय संस्कृति में सहिष्णुता सम्राट् अशोक के समय से ही विशेष रूप में व्यवहृत हो रही है। इसीलिए भारत में सभी जातियों और सभी धर्मों के बीच आपसी प्रेम-व्यवहार के अनेकों उदाहरण मिलते हैं। बादशाह अकबर ने दीन-ए-इलाही के द्वारा हिन्दू और मुसलमानों के बीच सौहार्द एवं प्रेम की मित्रता का अवलम्बन किया। अकबर के समय में रहीम और तुलसीदास दो धर्मों का अवलम्बन करते हुए भी आपस में मित्रवत् व्यवहार करते थे। हिन्दुओं ने मुसलमानों के साथ सहिष्णुता और सौहार्द का व्यवहार किया और मुसलमानों ने भी ऐसा ही किया। शाहजहाँ के ज्येष्ठ पुत्र दारा शिकोह ने उपनिषदों का फारसी में अनुवाद किया और मुगलकाल में दोनों जातियाँ आपस में मिल-जुलकर रहा करती थीं। आज की जातिगत और धार्मिक हिंसा को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि बीते हुए समय में आज की अपेक्षा अधिक प्रेम, सहिष्णुता और सौहार्द का वातावरण था। इससे स्पष्ट होता है कि भारतीय सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक जीवन का मूल आधार सहिष्णुता है। इसी कारण से स्वतंत्रता के बाद भारत में धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत को अपनाया गया।

सहिष्णुता भारतीय संस्कृति की एक अभिन्न कड़ी है। इसीलिए स्वतंत्रता के बाद भारत ने विश्व राजनीति के अंतर्गत अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों को गुट के माध्यम से अपनाने का प्रयत्न नहीं किया, वरन् गुट से अलग रह कर दोनों गुटों के प्रति सद्भाव रखते हुए एक अलग रास्ता अपनाया, जिसे गुटनिरपेक्षता का रास्ता कहते हैं। यह रास्ता दोनों गुटों को सत्य की ओर प्रेरित करने का रास्ता है और असत्य की अस्वीकृति का द्योतक है। भारत ने इसी कारण गुटनिरपेक्षता की नीति का अवलम्बन किया और विश्व में शांतिपूर्ण सहअस्तित्व की भावना के आधार पर सभी देशों से मित्रतापूर्ण संबंधों की स्थापना की।

भारत सहिष्णुता और सहयोग में अधिक विश्वास करता है। नेहरू जी का विचार था कि सहिष्णुता और सहयोग प्रजातंत्र का सार है। जब गुटनिरपेक्ष आन्दोलन के सम्बन्ध में तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री जॉन फॉस्टर डलेस और उपराष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने 1950 में असंसदीय भाषा का प्रयोग करते हुए निंदा की थी, तो पंडित जवाहर लाल नेहरू ने कहा था कि प्रजातंत्र में सहिष्णुता आवश्यक है, इसमें विरोधियों को भी बर्दाश्त करना पड़ता है और उसके साथ-साथ प्रेम और सहयोग स्थापित करके समस्या का समाधान किया जाता है।

सहिष्णुता भारतीय संस्कृति एवं दर्शन का सार तत्त्व है। हर युग में भारतीय दार्शनिक और विद्वान सहिष्णुता को महत्त्व देते रहे हैं। महात्मा गाँधी ने सहिष्णुता के आधार पर ही अंग्रेजों से वार्ता के द्वारा समस्या का समाधान करना चाहा। महाभारत में कृष्ण ने भी वार्ता के सिद्धांतों के आधार पर ही समस्याओं के समाधान का रास्ता अपनाया था। स्वतंत्रता के बाद 12 जनवरी, 1951 में रेडियो के राष्ट्रीय प्रसारण के दौरान अपने भाषण में तथा अनेकों बार अन्य सभाओं में भी इस बात पर बल दिया गया था कि शांति की स्थापना, शांति की प्रवृत्ति के विकास से ही संभव हो सकती है। इसके लिए अधिकतम मात्रा में मित्र बनाना और लोगों के मन में उत्पन्न संदेहों को दूर करना आवश्यक होता है। इसलिए नेहरू जी सहिष्णुतापूर्वक वार्ता के द्वारा किसी भी समस्या के समाधान के

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



पक्षपाती थे। 1954 मे पंचशील के सिद्धांत को अपनाते हुए चीन के साथ समझौते में उन्होंने सहअस्तित्व की भावना को विशेष महत्त्व दिया था, क्योंकि सहअस्तित्व की भावना सहिष्णुता और सौहार्द के वातावरण में ही उपयोगी सिद्ध हो सकती है। पं. नेहरू ने 1959 में चीन के साथ सीमा-विवाद की समस्या को वार्ता के द्वारा हल करने का प्रयत्न किया और 1962 में जब चीन ने भारत पर आक्रमण कर दिया था, तो उस समय भी पं. नेहरू ने भारत और चीन की आपसी वार्ता के द्वारा समस्याओं के समाधान पर बल दिया था। 1962 में युद्ध के बाद कोलंबो प्लान को स्वीकार करने को भारत की सहिष्णुता की नीति का द्योतक माना जा सकता है। लम्बे समय से चीन के साथ मतभेद रहने के बावजूद भी संबंध को सुधारने की दिशा में 2003 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी वार्ता के द्वारा समस्याओं के समाधान की पहल की थी। भारत-पाकिस्तान के बीच मधुर संबंधों की स्थापना के लिए भारतीय नेता हमेशा वार्ता के मार्ग को ही महत्त्वपूर्ण मानते रहे और पाकिस्तान ने जबसे इसके महत्त्व को जाना है, तभी से धीरे-धीरे पाकिस्तान कश्मीर समस्या को वार्ता द्वारा हल करने की दिशा में अग्रसर हो रहा है। इस तरह भारत ने हमेशा सहिष्णुता, सौहार्द, सहयोग और शांति के पक्ष में अपना विचार व्यक्त किया है तथा वार्ताओं के द्वारा समस्याओं के समाधान के मार्ग को अपनाया है। यह भारतीय दर्शन, संस्कृति एवं परंपरा की महत्त्वपूर्ण विशेषता रही है।

## भारतीय दर्शन की परंपरा (यथार्थवाद एवं आदर्शवाद)

भारतीय दर्शन के अन्तर्गत राज्यों के संबंध में दो प्रकार की विचारधाराएं प्रारम्भ से ही व्यवहृत होती चली आ रही हैं। इन दो धाराओं को यथार्थवाद और आदर्शवाद के नाम से पुकारा जाता है। यथार्थवाद के अनेक प्रमाण कौटिल्य के अर्थशास्त्र, पंचतंत्र, याज्ञवल्क्य स्मृति, मनु स्मृति आदि ग्रंथों में मिलते हैं। यथार्थवादी दार्शनिकों में इस बात पर एक राय है कि राज्य की सुरक्षा किसी भी दृष्टिकोण से की जानी चाहिए, और आवश्यकता पड़ने पर सारे भूभाग पर आधिपत्य स्थापित किया जाना चाहिए। इन विद्वानों का मत है कि समस्याओं के समाधान के लिए युद्ध का सहारा अंतिम साधन के रूप में लिया जा सकता है, क्योंकि युद्ध केवल अनैतिक ही नहीं, वरन् विध्वंसकारी भी है और इसमें विजय की संभावनाएं निश्चित नहीं होतीं। पंचतंत्र में इस बात पर बल दिया गया है कि राजनीति के अंतर्गत शांति व्यापक महत्त्व वाला तत्त्व है। इसकी स्थापना के लिए प्रयास किया जाना चाहिए और शांति के द्वारा ही समस्त समस्याओं का निदान होना चाहिए। यदि शांति के द्वारा समस्त समस्याओं का समाधान नहीं होता है, तो अंतिम समय में युद्ध का सहारा लिया जा सकता है। महाभारत में श्रीकृष्ण ने शांति की स्थापना के लिए पहले वार्ता के द्वारा ही प्रयास किया, परंतु जब इसमें सफलता नहीं मिली, तब अंत में युद्ध का सहारा लिया गया।

दूसरी तरफ भारतीय दर्शन का आदर्शवादी पक्ष अहिंसा, त्याग और पाप से मुक्ति के द्वारा मोक्ष की प्राप्ति का पथ प्रदर्शित करता है, क्योंकि उपनिषद् में अहिंसा के सिद्धांत को इसी आधार पर स्वीकार किया गया है। आदर्शवादी दार्शनिक इस बात पर बल देते हैं कि आत्मा विभाजित या अविभाजित जो हो, यह ईश्वर या सत्य है। यह सम्पूर्ण विश्व आत्मा की ही अभिव्यक्ति है और हम सभी जीव उसी शक्ति के एक अंश के रूप में हैं। इसी आत्मा की अनुभूति सत्य और पूर्णता की अनुभूति है। इसीलिए भारतीय दर्शन हिंसा का खण्डन करता है। बौद्ध और जैन दर्शन अहिंसा का प्रबल समर्थन करते हैं तथा हिंसा से परहेज करते हुए अहिंसा के व्यावहारिक रूप से पालन पर विशेष बल देते हैं। इस तरह से भारतीय दर्शन का आदर्शवादी पक्ष सत्य की ओर संकेत करता है। बौद्ध धर्म युद्ध और हिंसा को पाप के रूप में स्वीकारता है। इसीलिए सम्राट् अशोक ने हिंसा और युद्ध को त्याग कर प्रेम और सौहार्द के द्वारा व्यक्ति, व्यक्ति के संबंध की स्थापना करनी चाही। इसी सिद्धांत के आधार पर विभिन्न देशों के साथ अशोक ने मित्रतापूर्ण कूटनीतिक संबंधों की स्थापना की तथा युद्ध और आक्रमण रहित वातावरण का निर्माण करते हुए अपने शासन काल में शांति की स्थापना का विशेष रूप से प्रयत्न किया। प्राचीनकाल से भारतीय संस्कृति के आदर्श के रूप में यही परंपरा रही है।

इसी परंपरा के आधार पर महात्मा गाँधी ने आधुनिक युग में अहिंसा रूपी अस्त्र का उपयोग करते हुए दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए संगठित किया था और शांतिपूर्ण साधनों के द्वारा ही सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक लक्ष्यों को प्राप्त किया। महात्मा गाँधी ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अहिंसा रूपी सिद्धांत के आधार पर ही विजय प्राप्त की तथा भारत को स्वतंत्र कराया। इसलिए अहिंसा भारत के लिए सुरक्षा का एक महत्त्वपूर्ण साधन बन गया। केवल इसी कारण से ही नहीं वरन् आधुनिक परमाणु युग में अहिंसा अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में भी बहुत महत्त्वपूर्ण तत्त्व बन गयी है। परमाणु अस्त्रों के द्वारा विश्व को संहार से बचाने के लिए भारत ने अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में अहिंसात्मक दृष्टिकोण से ही निःशस्त्रीकरण के सिद्धांत को समर्थन दिया है और भारत विश्वस्तर पर शांतिपूर्ण साधनों के द्वारा शांति की स्थापना का प्रयास करता रहा है। यही भारतीय दर्शन का वास्तविक एवं आदर्श यथार्थ है।

1962 में चीन ने भारत पर आक्रमण कर दिया। उसके बाद भारत के विश्व दृष्टिकोण में यथार्थवाद को महत्त्व दिया जाने लगा।

www.neerajbooks.com